भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोकसभा

तारांकित प्रश्न संख्या 374
29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

मत्स्यन बंदरगाह मछलीपटनम चरण-दो

***374. श्री बालाशौरी वल्लभनेनी:**

क्या **मत्स्यपालन,पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बैंगलौर स्थित केन्द्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान ने 285 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से मत्स्यन बंदरगाह मछलीपटनम चरण-दो को अनुमोदित किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह भी सच है कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है तथा पर्यावरण संबंधी मंजूरी प्राप्त हो गई है; और

(ग) यदि हां, तो प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है तथा वर्ष 2022-23 के बजट में इस प्रयोजनार्थ कितनी धनराशि का आबंटन किया गया है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

'मत्स्यन बंदरगाह मछलीपटनम चरण-दो' के संबंध में श्री बालाशोरी वल्लभनेनी माननीय संसद सदस्य द्वारा पूछे गए दिनांक 29 मार्च, 2021 के लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *374 के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) से (ग) : मत्स्यपालन विभाग के एक अधीनस्थ कार्यालय, केंद्रीय मात्स्यिकी तटवर्ती इंजीनियरिंग संस्थान (सीआईसीईएफ), बैंगलोर ने मछलीपटनम मत्स्यन बंदरगाह के प्रस्ताव की तकनीकी जांच की थी।

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के आधार पर मार्च, 2020 में राज्य में 4 मत्स्यन बंदरगाहों के विकास के लिए 1291.40 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर आंध्र प्रदेश सरकार के प्रस्तावों को अनुमानित कर दिया है और इसमें मात्स्यिकी और जलीय कृषि अवसंरचना विकास निधि (एफआईडीएफ) के अंतर्गत रियायती वित्त के लिए 252.00 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर मछलीपटनम में मत्स्यन बंदरगाह शामिल है। आंध्र प्रदेश सरकार ने मछलीपटनम मत्स्यन बंदरगाह के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरण संबंधी मंजूरी की प्राप्ति की सूचना दी है। आंध्र प्रदेश सरकार ने आगे सूचित किया है कि मछलीपटनम मत्स्यन बंदरगाह की लागत को बढ़ाकर 422.00 करोड़ रुपए कर दिया गया है और राज्य सरकार ने मछलीपटनम मत्स्यन बंदरगाह के निर्माण के लिए एफआईडीएफ के अंतर्गत 150.00 करोड़ रुपए तथा नाबार्ड अवसंरचना विकास सहायता (एनआडीए) के अंतर्गत 244.80 करोड़ रुपए और राज्य के 27.20 करोड़ रुपए के योगदान सहित 394.80 करोड़ रुपए का ऋण प्रदान करने हेतु अनुमति प्रदान कर दी है। आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा रिपोर्ट की गई मछलीपटनम मत्स्यन बंदरगाह परियोजना की वर्तमान स्थिति में निम्नलिखित शामिल हैं, (i) ब्रेकवाटर, क्वे वॉल और ऑनशोर सुविधाओं के लिए डिजाइन और ड्राइंग को पूरा करना, (ii) 3.22 लाख क्यूबिक मीटर ड्रेजिंग को पूरा करना, (iii) घाट की दीवार के लिए 78 पाइलिंग (iv) अस्थायी जेट्टी का निर्माण, (v) 9000 मीट्रिक टन बोल्डर का भंडारण और ब्रेकवाटर निर्माण के लिए 252 टेट्रापोड की ढलाई।

******